तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025



12 कौंदकेरा साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों...





14 विधायक इंद्रकुमार छठ पूजा में हुए शामिल






# बेमौसम बारिश, खेतों में कटी धान की फसल खराब होने की आशंका से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में सोमवार से रुक-रुककर हो रही बेमौसम बारिश ने अन्नदाताओं की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। यह बारिश उन किसानों के लिए दोहरी मार है जिनकी धान की फसल पककर तैयार खड़ी है और उन किसानों के लिए जिनकी फसल कटकर पहले ही खेतों में पड़ी हुई है। किसान दिन-रात अपनी बची-खुची फसल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई किसान फावड़े की मदद से खेतों से पानी निकालते दिखे, तो कुछ कटी हुई फसलों को भीगने से बचाने के लिए खेत की मेड़ पर रखते नजर आए। वहीं, कुछ किसान जैसे-तैसे थ्रेसर से मिसाई कर अनाज को घर ले जाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। किसान जनक यादव और लक्ष्मण ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि दोपहर के 12 बज चुके हैं, लेकिन सुबह से उन्होंने कुछ खाया-पिया नहीं है। वे सिर्फ अपनी उपज की सुरक्षा में डटे हुए हैं। किसानों को सबसे बड़ी चिंता यह सता रही है कि कहीं हाथ आई फ़सल भी न चली जाए। नंदकिशोर यादव, धनीराम यादव, वेदव्यास निषाद, राकेश कोमर्रा, नदुदास और रामेश्वर सिन्हा जैसे कई किसानों ने बताया कि मौसम ने उन्हें इस बार एक के बाद एक झटके दिए हैं, और अब यह बेमौसम बरसात उनकी बची-खुची उम्मीदों पर पानी फेर रही है।

## बेमौसम बरसात बची-खुची उम्मीदों पर पानी फेर रहा



### गुणवत्ता और उत्पादन पर पड़ेगा गहरा असर

तेज हवा और रुक-रुककर जारी बारिश से धान की खड़ी फसल खेतों में गिरने लगी है। किसानों के अनुसार, धान के बोरे में नमी भर जाने से वजन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे, जिससे खरीदी केंद्रों पर उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाएगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय गिरी हुई फसल में नमी बढ़ने से दाने सड़ सकते हैं और कालापन आ सकता है। किसानों की आँखों में इस बारिश को लेकर मायूसी साफ झलक रही है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। रसेला अंचल में जुकाम, बुखार और सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका है। कुल मिलाकर, इस बेमौसम बारिश ने किसानों को हर तरह से गहरा आघात पहुँचाया है।



## मांग : अफसरों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने किया चक्काजाम स्थगित

# धान खरीदी केंद्र की मांग पर किसानों का उग्र प्रदर्शन, एनएच 130 सी पर 4 घंटे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम पारागांव डीह में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर 15 गांव के सैकड़ों किसानों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में मंगलवार को नेशनल हाइवे 130 सी रायपुर देवभोग मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे सिकासार जीरो चौन के पास ग्रामीण व किसान नेशनल हाईवे में बैठकर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारीबाजी करते हुए लगभग 4 घंटे तक चक्काजाम किया मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम द्वारा आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है। ग्राम पंचायत घटौद, बेगरपाला और जंगल धवलपुर के सैकड़ों किसानों ने आज एकजुट होकर आज सुबह से 09 बजे से नेशनल हाइवे 130 को जाम कर दिया है।जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में उक्त पंचायत के अधीन आने वाले 15 से ज्यादा गांव के महिला पुरुष किसान सिकासार जीरो चौन के पास हाइवे को जाम किया है।मौके पर एसडीएम डा तुलसीदास मरकाम, मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा दल बल समेत पहुंचे है। मार्ग जाम होने से सड़क के दोनों छोर यात्री बस एवं अन्य आवाजाही करने वाले रोक दिए गए। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने बताया कि कई वर्षों से लगातार शासन–प्रशासन से नया धान खरीदी केंद्र ग्राम पारागांव डीह में स्थापित करने की मांग की जा रही है, किंतु आज तक इस विषय में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वर्तमान में किसानों को ग्राम धवलपुर के खरीदी केंद्र में अपनी उपज बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जहां जगह की कमी, लंबी कतारें और भेदभाव जैसी समस्याएँ सामने आती हैं। इस स्थिति से त्रस्त होकर अब किसानों ने आर–पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। किसानों का कहना है कि समिति का प्रस्ताव विधिवत शासन–प्रशासन को कई बार सौंपा जा चुका है, यहां तक कि पिछले माह सितंबर में कलेक्टर जनदर्शन में भी ज्ञापन दिया गया ▶▶|शेष पेज 12 पर



### एसडीएम के आश्वासन के बाद चक्काजाम की स्थगित

नेशनल हाईवे में सुबह 9 00 बजे से चक्काजाम किया गया था जिसके कारण सैकड़ो यात्री वाहन एवं माल वाहक गाड़ी जाम में फंसे रहे मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम द्वारा आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, दिनेश ठाकुर सरपंच जंगल धवलपुर, दिनेश नेताम सरपंच घटौद, मनराखन मरकाम सरपंच बेगरपाला, ममता मरकाम जनपद सदस्य, राधा बाई नागेश जनपद सदस्य, हबीब मेमन, कन्हैया ठाकुर, गुंजेश कपिल, हरिश्वर पटेल, लोकेश ठाकुर, तिजुराम नेताम, धनीराम सिन्हा, नूतन मरकाम, गुजरात कमलेश, नरेंद्र ध्रुव सरपंच दशपुर, कृष्ण नाग सरपंच पतोरादादर, गजेंद्र नेगी सरपंच मैनपुरकलां, बिसाहू सिन्हा, रामेश्वर कपिल, जगतू मरकाम, भोजलाल मरकाम, परमिला बाई सोनवानी, संता सोनवानी, सुमेर कपिल, बीरेंद्र यादव, चंदन नागेश, बहादुर यादव, कुलेश्वर यादव, रामेश्वर कोमर्रा, जीवन नेताम, सीताराम नेताम, हेमसिंह नेताम, काजू नेताम, भुनेश्वरी कपिल, हरा बाई नेताम, धनेश्वरी नेताम, खेमिन नेताम, हेमबाई यादव, देवकी बाई नेताम, प्रेमलता सोनवानी, रामदयाल नेताम, भागवत सिन्हा, माणिक सोनवानी, गुमान कपिल, मूलसिंह नेताम, लेखन नेताम, ईश्वर नेताम, टांकेश नेताम, चुन्नू नेताम, बिसाहू नेताम, रामलाल धुर्वा, उदेराम नेताम, रामसिंह नेताम, घासीराम नेताम, आनंद यादव, रामचंद नेताम, फुलोराम नेताम, कुमार साय नेताम, कृत कपिल, वीरेंद्र नेताम सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल जारी, पंजीयन ठप परेशान हो रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

धान खरीदी सीजन की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है, लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कौन्दकेरा (पंजीयन क्रमांक 877) में मंगलवार को ताला लटका रहा। दर्जनों किसान धान पंजीयन के लिए सुबह से पहुंचे, लेकिन ऑपरेटर की अनुपस्थिति के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होनी है। वास्तविक किसानों से ही खरीदी सुनिश्चित करने के लिए गिदावरी निरीक्षण भी चल रहा है, लेकिन समिति में ऑनलाइन कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। समिति प्रबंधक तेजराम यादव ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की हड़ताल का समर्थन करते हुए ऑपरेटर काम पर नहीं आए, जिसके चलते सोसायटी बंद रही। कौन्दकेरा के किसान सीताराम साहू ने बताया कि हड़ताल के चलते उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि "ऑपरेटरों के बिना समिति में कोई विकल्प नहीं है, किसान परेशान होकर एक से दूसरे कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। डुमरतराई के किसान शिवप्रसाद साहू ने बताया कि वे करीब 50 किलोमीटर दूर से पंजीयन कराने आए थे। "एक सप्ताह से भटक रहा हूं, लेकिन काम नहीं हो रहा। सरकार ने धान खरीदी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### जनदर्शन में मिले 39 आवेदन

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर ने आज जनदर्शन में 39 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम खरहरी की डिगेश्वरी ने निवास प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम परसदा जोशी की दामिन सुर्यवंषी ने प्रधानमंत्री आवास की राषि प्रदान करने, ग्राम परसदा जोशी की केषर बाई ने आवास सूची मे नाम जोडने, ग्राम कोठीगांव की हूमन बाई ने अवैध कब्जा को हटाने, ग्राम सातधार की देवंतीन बाई ने गेदावरी में रकबा संशोधन करने, ग्राम चिखली के द्वारिका सिंग ने मजदूरी राषि प्रदाय करने, ग्राम कोसमबुडा के राम एंव गणेश भुंजिया ने आवास निर्माण हेतु भूमि दिलाने, ग्राम लेडीबहार के समस्त ग्रामवासी ने गांव में स्कूल भवन निर्माण कराने, छिन्दौला की भागवती ने बिजली बिल की राषि छुट करवाने, ग्राम जोबा के किसानों ने वन अधिकर भूमि की फसल पंजीयन के संबध में, ग्राम सेंदमुडा के घसियन ने मुआवजा राषि प्रदान करने, ग्राम सरकडा (पाण्डुका) के रामरतन निसाद ने ग्रामीण बैंक से लोन दिलाने आवेदन प्रस्तुत किये है। इस पर कलेक्टर श्री उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### शराब जब्त, आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बलौदा में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी बाबाजी राणा पिता महादेव राणा (72 साल) निवासी बलौदा के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 03 लीटर कीमत 600 रूपये को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम टेका में महिला से मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को देवकी बाई पति बलमत गोंड ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात को करीब 10 बजे देवर तुलसी एवं उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था, जिन्हें उसका पति बलमत समझाने का प्रयास कर रहा था, जिस पर उसने अपने पति बलमत से कहा कि दूसरे के झगड़े में मत पड़ो। ऐसा कहने पर बलमत गोंड ने प्रार्थिया से गाली गलौज कर बांस के डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पति के विरूद्ध धारा 296,115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### तेंदूलोथा में धर्मांतरण को लेकर विवाद

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के तेंदूलोथा गांव में धर्मांतरण को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक विशेष समुदाय की कुछ महिलाओं द्वारा इलाज के नाम पर झाड़-फूंक और अन्य धार्मिक प्रक्रिया की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मामले की गंभीरता के बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है, जिसे स्थानीय नागरिकों ने साझा किया है। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# 24 क्विंटल केबल वायर चोरी के आरोप में यूपी-उत्तराखंड के 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के मैनपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। एल्युमिनियम केबल वायर चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है दोनों आरोपी उत्तराखण्ड और उत्तरप्रदेश के रहने वाले है। मिली जानकारी के अनुसार आज दिनांक 28 अक्टूबर को मुखबीर द्वारा थाना प्रभारी मैनपुर को सूचना प्राप्त हुआ कि, पीकप वाहन क्रमांक यूके 16 सीए 3798 में अवैध रूप से एल्युमिनियम केबल बिजली वायर को लोडिंग कर ले जा रहा था। सूचना पर थाना प्रभारी मैनपुर शिवशंकर हुर्रा द्वारा पुलिस टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताये गये घटना स्थल ग्राम गौरघाट तहसील ऑफिस के पास मुख्य मार्ग एनएच 130 सी के पास पहुच घेरा बंदी कर आते हुए पीकप वाहन को रोक कर चेक करने पर पीकप में लोड एल्युमिनियम केबल बिजली वायर पाया गया। उक्त एल्युमिनियम केबल बिजली वायर के संबंध में संदेहियों से पुछताछ किये जाने पर कोई वैध दस्तावेज उनके द्वारा पेश नहीं किया गया। आरोपीयों से नाम पता पुछे जाने पर अपना नाम पता– 1) मो. सलमान कुरैशी पिता मो. मुस्तगीम कुरैशी उम्र 28 वर्ष निवासी कुशालपुर थाना सहसपुर देहरादुन उत्तराखण्ड, 2) शान मोहम्मद पिता मोहम्मद शफी अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी नई बस्ती सुजावलपुर पोस्टध्थाना गंजडुण्डुवारा तह. पटयाली जिला कासगंज उत्तर प्रदेश का होना बताया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से एल्युमिनियम केबल बिजली वायर को तौल कराने पर 2460 किलो कीमती 2,50,000 रूपये को जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 35(1) बीएनएसएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जहरीली शराब सेवन से 3 मौत के बाद बलौदा पहुंची विधायक पीड़ित परिवारों से की भेंट

**सरायपाली (ग्रामीण)।** बलौदा क्षेत्र में जहरीली शराब के सेवन से तीन लोगों की दर्दनाक मौत की सूचना मिलते ही सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद मृतकों के परिजनों से भेंट करने बलौदा पहुंची। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बलौदा सहित समूचे सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में आबकारी और पुलिस विभाग के संरक्षण में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री गली मोहल्ले में हो रही है, जिसका परिणाम है कि बलौदा में चंद दिनों में ही 3 लोगों की मौत हो गई। विधायक नंद ने इस घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए आबकारी और पुलिस प्रशासन की सुस्ती पर गहरा नाराजगी व्यक्त की है। विधायक ने आबकारी एवं पुलिस विभाग से अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर तत्काल प्रभाव से सख्त रोक लगाने की मांग की।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ली मरीज की जान, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

झोलाछाप डॉक्टर बनकर लोगों की ज़िंदगी से खिलवाड़ करने वाले आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मानव वध के मामले में की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त 2025 को थाना गरियाबंद में जागेश्वर देवदास ने सूचना दी कि इलाज के दौरान पुरुषोत्तम ध्रुव (45 वर्ष), निवासी ग्राम पेण्ड्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि डॉक्टर द्वारा की गई गलत सर्जरी के कारण मरीज की मृत्यु हुई है। जांच के दौरान परिजनों ने बताया कि संजू और बबलू नामक व्यक्तियों ने बिना किसी मान्यता और सुरक्षा साधन के सर्जरी की थी, जिससे पुरुषोत्तम ध्रुव की जान चली गई।



पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी बबलू ताण्डी उर्फ थबीर ताण्डी (54 वर्ष), निवासी कोमना दुरीयापाड़ा, थाना कोमना, जिला नुवापाड़ा (उड़ीसा) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथी संजू के साथ मिलकर भगंदर बीमारी का इलाज बिना वैध लाइसेंस और सुरक्षा साधन के कर रहा था, जिसके दौरान मरीज की मृत्यु हो गई।

पुलिस ने आरोपी से एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर 28 अक्टूबर 2025 को न्यायालय में पेश किया गया।

## जिला पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान

# एटीएम, ओटीपी और फर्जी लिंक से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को देखते हुए गरियाबंद पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करने के लिए विशेष ''साइबर जनजागरूकता अभियान'' शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा जिले भर में आकर्षक पोस्टर, बैनर और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जारी किए गए संदेशों में पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। विशेषकर एटीएम कार्ड, बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया और ऑनलाइन खरीदी-बिक्री से जुड़ी ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें और किसी के साथ अपनी निजी जानकारी साझा न करें। अभियान के दौरान पुलिस ने यह भी बताया कि कई बार अपराधी खुद को बैंक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी या रिश्तेदार बताकर विश्वास में लेकर ठगी कर लेते हैं। इसलिए सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है।

- ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए नागरिकों को किया जा रहा सतर्क
- 1930 नंबर पर करें तुरंत शिकायत, गरियाबंद पुलिस की अपील




### संदिग्ध लिंक या फर्जी ऑफर पर क्लिक न करें

यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो तुरंत ''राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930'' पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा गरियाबंद पुलिस ने युवाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों से विशेष अपील की है कि वे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अनजान व्यक्तियों से बातचीत न करें और किसी संदिग्ध लिंक या फर्जी ऑफर पर क्लिक न करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराध रोकथाम के लिए समाज का सहयोग आवश्यक है। हर व्यक्ति को अपनी डिजिटल सुरक्षा की जिम्मेदारी समझनी चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। गरियाबंद पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम ''(फोन नंबर- 07706-241970)'' या ''व्हाट्सएप हेल्पलाइन 94791-91071'' पर दें।

# मैनपुर में कांग्रेस के वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को मिल रही गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान चल रही है जो गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर ब्लॉक में भी युद्ध स्तर पर जारी है। स्वयं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव इस अभियान में शामिल होकर हस्ताक्षर अभियान करवा रहे है मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव के नेतृत्व में गांव – गांव इस अभियान को तेज किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की यह लोकतंत्र और जनता की आवाज की लड़ाई है। महामंत्री गेंदु यादव ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### भक्ति बचपन से ही प्रारंभ होनी चाहिए : आचार्य मिश्रा

**कोपरा।** ग्राम सुरसाबांधा में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पावन अवसर पर आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा जी के दिव्य मुखारविंद से निकली अमृतमयी वाणी से संपूर्ण अंचल भक्तिरस में सराबोर हो उठा है। कथा स्थल पर वातावरण इतना पवित्र और भावमय है कि मानो स्वयं श्रीकृष्ण और राधा रानी की कृपा वहाँ बरस रही हो। हर दिशा में हरि नाम की गूंज, भजन की मधुर स्वर और श्रद्धालुओं की उमंग से ग्राम का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। भक्तगण प्रेम, आस्था और आनंद के सागर में भाव-विभोर होकर डूबते जा रहे हैं।

अपने दिव्य प्रवचन के दौरान आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा जी ने अत्यंत प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि —भक्ति का बीज जीवन में बचपन से ही बो देना चाहिए। लोग यह सोचते हैं कि वृद्धावस्था में समय मिलने पर भक्ति करेंगे, परंतु यह धारणा बिल्कुल गलत है।

## पेज 11 के शेष...

### धान खरीदी केंद्र...

था। उस समय कलेक्टर ने जल्द निर्णय का आश्वासन दिया था, किंतु अब धान खरीदी प्रारंभ होने में मात्र 20 दिन शेष हैं, फिर भी प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है।

**थाना प्रभारी दल बल के साथ मौजूद रहे-** नेशनल हाइवे 130 सी में चक्काजाम के चलते यात्रियों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा। वहीं कई किलोमीटर दूरी पैदल तय करना पड़ा सुरक्षा व्यवस्था के लिए मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा दल बल के साथ मौजूद थे। सुबह 9 बजे से चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को लगातार मनाया जा रहा था लेकिन वे अपनी मांगो को लेकर अड़े रहे लगभग चार घंटे बाद 1 बजे दोपहर को एसडीएम के आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित किया गया तब कही जाकर आवागमन सुचारू हो पाया।

### कंप्यूटर ऑपरेटरों की...

की तारीख तो घोषित कर दी, पर अगर यही हाल रहा तो हम पंजीयन से वंचित रह जाएंगे, उन्होंने कहा। ऑपरेटर संघ अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। हड़ताल के कारण जिलेभर की सहकारी समितियों में ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो धान खरीदी की तैयारी पर सीधा असर पड़ सकता है।

### मैनपुर में कांग्रेस के...

कहा देश में भाजपा सरकार वोट चोरी कर सत्ता हासिल किया है राहुल गांधी के द्वारा यह मुहिम चलाया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा हजारो की संख्या में हस्ताक्षर अभियान पूरा किया जा चुका है कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजूट होकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया है। इस अभियान में महामंत्री नेहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष खेदू नेगी, टीकम सिंह कपिल, भुने''वर नेगी, खेलन साहू, शाहिद मेमन, पिले''वर सोरी, मनुराम माहकुर, भानु सिन्हा, नवीन कुमार सोम, सुकचंद ध्रुव, डोमार साहू, पवन जगत, रामभरोसा मरकाम, तरूण कपिल, शांतुराम यादव, रूपेश बाघमार, हुलार क''यप, निखिल नेताम, रोहन मरकाम, इमरान खान, लिकेश यादव, सुन्दरसिंह कपिल, नीरा कपिल, दामोदर मरकाम, रामसिंह नागेश, लोचन निर्मलकर, बुधराम निर्मलकर, दुले''वरी नागेश, रामजीत सोरी, गौतम सिन्हा, लोकेश नागेश, थानुराम पटेल, उवैश रजा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता अभियान में लगे हुए है।

## जयंती : छुईहा कलार समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई आराध्य भगवान सहस्त्रबाहू की जयंती

# शक्ति का उपयोग हमेशा धर्म और न्याय के लिए होना चाहिए : सिन्हा






हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

कलार समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहू जी की जयंती का पावन पर्व मंगलवार को समाजजनों द्वारा श्रद्धा, उत्साह और एकता के साथ समाज भवन परिसर, छुईहा में मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं और युवतियों की उपस्थिति विशेष रही, जिन्होंने सिर पर कलश धारण कर एक भव्य शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए ध्रुव समाज, ढीमर तारक समाज, और सोनी समाज के सम्मानित अतिथिगणों के साथ-साथ देवतुल्य समाजजन, मातृशक्ति और युवा शक्ति उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान से दीप प्रज्ज्वलन द्वारा की गई। यह शुभ कार्य मुख्य अतिथि सरपंच विद्या देवी सिन्हा, समाज प्रमुख परदेशी राम सिन्हा, सेवानिवृत्त अधिकारी रामजी सिन्हा, जिला कोषनिरक्षक राजेश सिन्हा, ढेलू राम सिन्हा, नंदू सिन्हा, चैतू राम तारक, गेमन सिन्हा (सीआरपीएफ जवान), गजेन्द्र सिन्हा, टेमन सिन्हा, डोमन सोनी, राधेश्याम ध्रुव, दशरथ ध्रुव, हिम्मत सिन्हा, लेखिन सिन्हा, कमला व वत्सला, बृज सिन्हा, और कार्यक्रम के मंच संचालक ओमप्रकाश सिन्हा सहित समाज के वरिष्ठजनों ने संयुक्त रूप से किया।मंच संचालक ओमप्रकाश सिन्हा ने उद्घोष किया कि अंधकार से प्रकाश की ओर, यही है हमारे आराध्य भगवान सहस्त्रबाहू जी की प्रेरणा। छुईहा समाज की ओर से सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया गया।

**संगठन में ही समाज की प्रगति-** रामजी सिन्हा ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहू के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि शक्ति का उपयोग सदा धर्म और न्याय के लिए होना चाहिए। उनके आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि जब तक हम संगठित रहेंगे, एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और समाज के हित में कार्य करेंगे, तब तक हमारा समाज निरंतर प्रगति करता रहेगा।

समाज प्रमुख परदेशी राम सिन्हा ने कहा कि यह जयंती और वार्षिक सम्मेलन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एकता, संस्कृति और समाज सेवा की भावना का उत्सव है।

### शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज का संकल्प

उपस्थित समाजजनों ने इस अवसर पर नई पीढ़ी को संस्कार, शिक्षा और सहयोग की भावना से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि समाज तभी सशक्त बनेगा जब हर परिवार शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर होगा। समापन अवसर पर मंच से सामूहिक संकल्प लिया गया हम अपने समाज की एकता को सदा बनाए रखेंगे, अपने बच्चों को शिक्षित व संस्कारित बनाएंगे, और अपने आराध्य भगवान सहस्त्रबाहू जी के आदर्शों पर चलते हुए समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे। अंत में, आयोजकों ने सभी अतिथियों और समाजबंधुओं का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस गरिमामय आयोजन में चुनेश्वरी, पुष्पलता सिन्हा, प्रेमिन, संगीता, पार्उवतिखराज, चरण, किस्मत, पवन, लाकेश्वरी, नुका, हिना इत्यादि की भी गरिमामय उपस्थिति रही।



### सहस्त्रबाहू जयंती मनाई गई

**छुरा।** कलार समाज भवन में कलार समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव की जयंती मनाई गई। नगर के सामाजिक जनो द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव के चित्रपर विधिवत रूप से फूल हार, धूप,दीप जलाकर पूजा अर्चना किया गया।इस अवसर पर कलार समाज छुरा सचिव मिथलेश सिन्हा ने बताया कि सहस्त्रबाहु अर्जुन हेहय वंश के प्रतापी राजा थे, जिनकी राजधानी माहिष्मती नगरी थी (जो वर्तमान मध्य प्रदेश के महेश्वर क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती है)। उनके पिता का नाम कृतवीर्य था। उन्हें भगवान दत्तात्रेय से वरदान प्राप्त था, जिसके कारण उनके सहस्त्र भुजाएं थीं और वे अजेय योद्धा माने जाते थे। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रमुख हीरालाल सिन्हा ने भगवान की महिमा का बखान किया और अपने क्षत्रिय वंश की गाथा गाई। जिला सलाहकार चिंताराम सिन्हा ने कलार समाज के पुरातन इतिहास का बखान करते हुए हैहैय वंश की चर्चा की , एवं उन्होंने बताया कि कलार समाज की कुलदेवी रतनपुर स्थित मां महामाया है, जिनके मंदिर का निर्माण कल्चुरी राजाओं ने किया। परिक्षेत्र के मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा जी ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव बड़े ही पराक्रमी राजा थे, उन्होंने एक बार रावण को भी युद्ध में हरा दिया था। परिक्षेत्र के सचिव हेमंत सिन्हा ने की हमारा कुल क्षत्रिय कुल है। जिसमे सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव के बाद अनेक प्रतापी राजा हुए। इस अवसर पर बालचंद सिन्हा,यशवंत सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा,बेदलाल सिन्हा, अर्जुनधनंजय सिन्हा,पवन सिन्हा, ईश्वर लाल सिन्हा, रोहित सिन्हा, चैतुराम सिन्हा, पूर्वांश सिन्हा,रुद्रांशी सिन्हा, रुपनाथ सिन्हा, देवलाल सिन्हा, बिसाहू सिन्हा,संजय सिन्हा,बलदेव सिन्हा, रितेंद्र सिन्हा, प्रभुलाल सिन्हा, बिसंभर सिन्हा, लिलेश सिन्हा, जगदीश सिन्हा, चुरण सिन्हा, धर्मेंद्र सिन्हा, यश सिन्हा, कुंती सिन्हा, एलिका सिन्हा एवं माताओं बहनों के साथ बच्चे उपस्थित थे।

# कौंदकेरा साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम कौंदकेरा मे बीते सोमवर को राजिम भक्तिन मंदिर प्रांगण के साहू समाज भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कौंदकेरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष युगल किशोर साहू नवनिर्वाचित व मनोनित पदाधिकारियों को पूरे कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ समाज की सेवा करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओंकार साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद,शामिल हुए। समारोह के अध्यक्षता युगल किशोर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र कौंदकेरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश साहू, ठाकुर राम साहू, नारायण साहू तीनो संरक्षक, सचिव दुष्यंत साहू, उपाध्यक्ष रजऊ साहू, कोषाध्यक्ष बंशी साहू, संगठन सचिव राजेंद्र साहू, अंकेक्षक नेमीचंद साहू, महिला उपाध्यक्ष धर्मिन साहू, महिला संगठन सचिव दुर्गा साहू सभी अतिथिगण साहू समाज भवन में शपथ ग्रहण समारोह के लिए शामिल हुए, समारोह का शुभारंभ तैलिक कुल की आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता के मंदिर में माता राजिम की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन व विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में साहू समाज की गरिमा और एकता की बात कहते हुए कहा कि स्वयं कैसे इस समाज की सेवा करते हुए वर्तमान जिला पंचायत के महिला एवं बाल विकास के सभापति बनने तक सफर इसी समाज के आशीर्वाद से बन पाया हूं। आगे मुख्यातिथि ओंकार साहू ने भक्तिन मंदिर प्रांगण में 3.50 लाख का सर्वसुविधायुक्त शौचालय निर्माण की घोषणा की। परिक्षेत्र कौंदकेरा के संरक्षक जगदीश साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज से मुझे हमेशा प्रेम और सम्मान मिला हैं। यह एक विकसित जागरूक समाज है जिसका सभी समाज अनुकरण करते हैं।समाज मे विवाह के समय बजने वाले डीजे पर रोक और रात में होने वाले फेरो को गोधोली बेला में करने की अपील करते हुए अपनी उद्बोधन को समाप्त किए। अध्यक्ष युगल किशोर साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज में किए गए नवाचार संबंध में सबको अवगत कराते हुए धमांर्तरण एवं अंतरजातीय विवाह को कैसे रोके? और इन कुरूतियों से सचेत रहने की बाते कहीं। परिक्षेत्र के वरिष्ठजनों को गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन उमाकांत साहू शिक्षक और परिक्षेत्र के सचिव दुष्यंत साहू एवं आभार ग्रामीण साहू समाज कौंदकेरा के संरक्षक भारत लाल साहू ने किया।

- 3.50 लाख रुपए के शौचालय निर्माण की घोषणा



### इन पदाधिकारीयों ने ली शपथ

ग्रामीण साहू समाज कौंदकेरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने अध्यक्ष पद के लिए श्रवण साहू, उपाध्यक्ष किसुन साहू, महिला उपाध्यक्ष यमुना साहू, संगठन सचिव चुम्मन साहू, महिला संगठन सचिव निर्मला साहू मनोनीत पद के लिए कोषाध्यक्ष दुजराम साहू, सचिव बाबूलाल साहू ने समाज के प्रति पूरे कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# कोपरा में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती उत्साह के साथ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती का आयोजन शिव चौंक मंदिर प्रांगण में मंगलवार 28 अक्टूबर को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के भाव के साथ संपन्न हुआ। नगर की माता-बहनों ने जयंती समारोह में शामिल हुए और सामाजिक समरसता और आस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर सिन्हा कलार समाज के अध्यक्ष अवध राम सिन्हा ने कहा कि "समूचे गरियाबंद जिले के गांव-गांव में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती का आयोजन समाज की एकता और संगठन का प्रतीक है। हमें समाज को नई ऊंचाई देने के लिए शिक्षा, सहयोग और संगठन के क्षेत्र में मिलकर काम करना होगा। वहीं जिला सलाहकार शिव कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का जीवन पराक्रम, त्याग और न्याय का प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में भाईचारा और जागरूकता का वातावरण बनाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ एवं पूर्व कोपरा अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति तभी संभव है जब युवा वर्ग अपनी परंपरा और मूल्यों से जुड़कर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए। सहस्त्रबाहु भगवान की जयंती हम सबको एकता और समर्पण का संदेश देती है। समारोह के अंत में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन अवध राम सिन्हा, शिव कुमार सिन्हा, महेश सिन्हा, नंदू सिन्हा, कमलेश्वर सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, शंकर लाल सिन्हा, भुवन सिन्हा, जेठन सिन्हा, रमेश सिन्हा, संतराम सिन्हा, भीखम सिन्हा, वेदप्रकाश सिन्हा, कान्हा सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, बल्लू सिन्हा, शत्रुघन सिन्हा, आदु राम सिन्हा, महिला मंडल में सावित्री सिन्हा, मीना सिन्हा, पार्वती सिन्हा, मंजू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, मोहिनी सिन्हा एवं अन्य सामाजिक लोग बड़े संख्या में उपस्थित रहे।

### गौरघाट में हमर खोरा देवान चौक बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर ग्राम गौरघाट में खोरा देवान चौक पर आदिवासी समाज द्वारा विद्युत की आकर्षक रौशनी से हमर खोरा देवान चौक का बोर्ड लगाई गई है जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।




# जहां भक्ति, वहां आनंद व शांति का होता है वास : आचार्य मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम सुरसाबांधा में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पावन अवसर पर आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा जी के दिव्य मुखारविंद से निकली अमृतमयी वाणी से संपूर्ण अंचल भक्तिरस में सराबोर हो उठा है। कथा स्थल पर वातावरण इतना पवित्र और भावमय है कि मानो स्वयं श्रीकृष्ण और राधा रानी की कृपा यहां बरस रही हो। हर दिशा में हरि नाम की गूंज, भजन की मधुर स्वर और श्रद्धालुओं की उमंग से ग्राम का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। भक्तगण प्रेम, आस्था और आनंद के सागर में भाव-विभोर होकर डूबते जा रहे हैं। अपने दिव्य प्रवचन के दौरान आचार्य पंडित सौरभ मिश्रा ने अत्यंत प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्ति का बीज जीवन में बचपन से ही बो देना चाहिए। लोग यह सोचते हैं कि वृद्धावस्था में समय मिलने पर भक्ति करेंगे, परंतु यह धारणा बिल्कुल गलत है। मृत्यु कभी सूचना देकर नहीं आती। आज के समय में असंतुलित जीवनशैली, दूषित खानपान और बदलते पर्यावरण के कारण जीवन अनिश्चित हो चला है। इसलिए जब तक चेतना है, तब तक हरि-नाम, भजन, पूजन और सत्संग का अभ्यास अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यही जीवन की सबसे बड़ी निधि और सच्चा धन है। उन्होंने आगे कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं, और वही उनके भविष्य के संस्कारों की नींव रखते हैं। यदि माता-पिता अपने बच्चों में ईश्वर भक्ति, सेवा भावना, सत्य और करुणा का बीज बचपन से बो दें, तो वही बीज आगे चलकर उनके जीवन को महान बना देता है। हमारे सनातन धर्म की परंपरा ही यही है कि हम धर्म, भक्ति, सेवा और सदाचार को जीवन का आधार बनाएं। आचार्य जी ने सभी से आग्रह किया कि जीवन में भक्ति को टालने का नहीं, अपनाने का संकल्प लें क्योंकि भक्ति वह अमृत है जो जीवन के हर दुख, भय और भ्रम को हर लेता है। जिस हृदय में भगवान का नाम बसता है, वहाँ अंधकार नहीं ठहर सकता। जहां भक्ति है, वहाँ आनंद और शांति का वास होता है।



### कलेक्टर ने कृषि पशुपालन और मछलीपालन विभागों की संयुक्त समीक्षा की

# किसानों को उन्नत बीज, खाद एवं कीटनाशक समय पर उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन एवं मछलीपालन विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि कृषि, पशुपालन और मछलीपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए सभी विभागों का परस्पर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने खरीफ एवं आगामी रबी फसल की तैयारी की विस्तृत जानकारी ली तथा किसानों को उन्नत बीज, खाद एवं कीटनाशक समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली एवं जैविक खेती के विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किसानों को जैविक खेती, दलहन-तिलहन एवं उन्नत खेती से जोड़ा जाए। कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर और फसल प्रदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीक के बारे में अवगत कराया जाए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, उप संचालक कृषि चंदन रॉय, पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक ओपी तिवारी, सहायक संचालक मत्स्य अलोक वशिष्ठ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### पशुपालन और मछलीपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं



पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने गौधाम के सुचारु संचालन, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, तथा टीकाकरण अभियान की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन ग्राम स्तर पर नियमित रूप से किया जाए ताकि पशुपालकों को तत्काल सुविधा मिल सके। उन्होंने 21 पशु संगणना, कृत्रिम गर्भाधान एवं वत्सोत्पादन, पशुओं के टीकाकरण, मोबाईल वेटनरी युनिट के कार्यो, व्यक्तिमूलक योजना जैसे- बैकयार्ड कुक्कुट, सूकरत्रयी, सांड, बकरा वितरण, उन्नत मादा वत्स पालन की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय पर लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मछलीपालन विभाग की समीक्षा में तालाब एवं जलाशय का पट्टा वितरण, मत्स्य बीज संवर्धन केंद्रों की स्थिति और मत्स्य पालकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मछलीपालकों को शासन की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, केसीसी का अधिकतम लाभ दिलाया जाए।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH















## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है। **मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक**

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### 5 हजार शिक्षकों की भर्ती से युवाओ के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे : यादव



**मैनपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार शिक्षको की भर्ती की प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान किया गया है इससे प्रदेश के युवाओ के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। उक्त बाते भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कही। श्री यादव ने कहा 5 हजार शिक्षकों की भर्ती से प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता हमेशा से गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा सुनि"चत करना रही है शिक्षको की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलो में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के युवाओ के लिए रोजगार के हजारो नये अवसर भी उपलब्ध करायेगी। श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार हमेशा से गांव गरीब और सभी वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही है रोजगार के अवसर खोल रहे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस निर्णय को नये छत्तीसगढ़ निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

### मनवा कुर्मी समाज का हुआ दीपावली मिलन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई महासमुंद द्वारा डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड महासमुंद में दीपावली मिलन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मां लक्ष्मी की छायाचित्र पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलित कर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने हिंदुओं के प्रमुख त्यौहार दीपावली पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक रूप से दीपावली त्यौहार के सभी 5 दिवस पर किए जाने वाले पूजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बात की। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वजातीय जनों के सुख समृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए एक दूसरे को तिलक वंदन कर दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, सरला वर्मा, किरण वर्मा, सुमन बघमार, डीपी वर्मा, उपेंद्र बघमार, भगवती प्रसाद कश्यप, ललित वर्मा,भुवन वर्मा, नीरज वर्मा, शांतनु वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रामदयाल वर्मा, बलदाऊ प्रसाद परगनिहा उपस्थित रहे।

### निःशुल्क होम्यो चिकित्सा शिविर कल

**महासमुंद।** स्वास्थ्य आपके द्वार के तहत नगर के होम्योपैथिक डाक्टरों द्वारा निःशुल्क होम्योपैथी परामर्श और उपचार शिविर का आयोजन 30 अक्टूबर गुरुवार को समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक महिला समाज भवन स्टेशन रोड महासमुंद में रखा गया है। निःशुल्क शिविर के विषय में वरिष्ठ होम्योपैथ डॉ एमएल गोलदार ने बताया कि लोगों में होम्योपैथिक चिकित्सा से विभिन्न असाध्य रोगों का उपचार के प्रति विश्वास जागृत करना और होम्योपैथिक उपचार अपनाने हेतु प्रेरित करना है।

**विडंबना :** शिक्षक की कमी के कारण कुकदा मिडिल स्कूल की पढ़ाई लिखाई ठप

# कुकदा मिडिल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था चरमराई, 61 छात्रों पर सिर्फ एक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

- प्रमोशन के बाद स्कूल हुआ शिक्षक विहीन

ग्राम कुकदा मिडिल स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी के चलते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सीधा और गंभीर असर दिखाई दे रहा है। कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक कुल 61 बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी मात्र एक शिक्षक पर आ गई है, जिससे बच्चों के सीखने की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित हो रही है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के बाद, भाजपा मंडल गरियाबंद के उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने स्कूल जाकर स्थिति का जायजा लिया। स्कूल के शिक्षक देवकांत सिन्हा ने बताया कि पिछले महीने गणित, विज्ञान और कला के दो शिक्षकों का व्याख्याता के पद पर प्रमोशन होने के कारण उन्हें अन्यत्र भेज दिया गया। शिक्षक सिन्हा ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा, /"मुझे अकेले मिडिल स्कूल की तीनों कक्षाओं को पढ़ाने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के अन्य कार्यों को लेकर मुझे अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है, जिसके कारण बच्चों का अध्यापन कार्य ठीक से नहीं हो पाता।



#### कलेक्टर और विधायक को ज्ञापन

बताया गया है कि इस समस्या को लेकर पहले जिला कलेक्टर के पास भी बात रखी गई थी, किंतु आज तक नए शिक्षकों की व्यवस्था नहीं कराई गई है। ग्रामीणों के साथ मिलकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू को ज्ञापन सौंपा और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। विधायक श्री साहू जी ने जल्द से जल्द शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

#### अर्धवार्षिक परीक्षा से पहले कोर्स अधूरा

शिक्षक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में अर्धवार्षिक परीक्षा होने वाली है, ऐसे समय में बच्चों की पढ़ाई लगभग न के बराबर हो रही है। खासकर विज्ञान (रसायन, भौतिकी), गणित और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की कक्षाएँ या तो शुरू नहीं हो पाती हैं या पूरी तरह से कवर नहीं हो पाती हैं, जिससे बच्चों का कोर्स अधूरा है। एक ही शिक्षक बारी-बारी से सभी कक्षाओं में जाता है, जिससे किसी भी विषय पर पर्याप्त समय और व्यक्तिगत ध्यान नहीं मिल पाता है। शिक्षा विभाग की इस 'अजीब विडंबना' पर सवाल उठ रहे हैं कि प्रमोशन देकर शिक्षकों को अन्यत्र भेज दिया गया, लेकिन उनकी जगह नए शिक्षकों की व्यवस्था किए बिना स्कूल को शिक्षक विहीन कर छोड़ दिया गया।



## विधायक इंद्रकुमार छठ पूजा में हुए शामिल

**नवापारा-राजिम।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू मंगलवार सुबह 6 बजे नवापारा पहुंचे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। विधायक श्री साहू छठ पूजा में शामिल होने महानदी घाट पहुंचे। उनके साथ भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा जिला मंत्री परदेशी राम साहू, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, मुकेश ढीढी, श्रीमती योगिता-केआर सिन्हा, हर्षा कंसारी, पार्षद नम्मू ध्रुव, सहदेव कंसारी, जीना-सुजीत निषाद, लोमेश्वरी साहू, श्रीमती निर्मला साहू, पूर्व पार्षद मयाराम साहू, धीरज साहू, सुजीत निषाद, संजीव टिंकू सोनी, कैलाश तिवारी, प्रेम साधवानी, देवेन्द्र सेन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। विधायक श्री साहू ने छठ महापर्व के अवसर पर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और समूचे अभनपुर विधानसभा क्षेत्र सहित नवापारा शहर के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगलकामना किया। विधायक श्री साहू ने इस अवसर पर छठ पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि यह अत्यंत सौभाग्य का अवसर है कि मुझे छठ पर्व में शामिल होने का अवसर मिला। विधायक श्री साहू ने कहा कि जनता के विश्वास और स्नेह से उन्हें जनसेवा का अवसर मिला है। वे क्षेत्र के विकास एवं जनता के अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## पोखरा परिक्षेत्र साहू समाज ने विधायक को दी पर्वों की बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

हाल ही में संपन्न हुए त्यौहारों दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा और देवउठनी एकादशी के अवसर पर पोखरा परिक्षेत्र साहू समाज के समस्त पदाधिकारियों ने राजिम विधायक रोहित साहू को बधाई दी। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक निवास पहुँचकर उन्हें घर में बने मिष्ठान, फूलमाला और गुलदस्ता भेंट किया और पर्वों की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पोखरा परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने विधायक महोदय से परिक्षेत्र के आगामी शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए आग्रह पूर्वक निवेदन भी किया। प्रतिनिधिमंडल में पोखरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष अश्वनी साहू, उपाध्यक्ष ललित साहू, महिला उपाध्यक्ष पदमा साहू, संगठन सचिव देवेंद्र साहू, संगठन महिला सचिव बिसानी साहू, महिला संगठन सचिव तमेश्वरी, संरक्षक कामता प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार साहू, सचिव दिनेश साहू, ग्रामीण बकली मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश साहू, महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू, एवं व्यापारी प्रकोष्ठ से संतोष साहू सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## अभनपुर विस में विकास कार्यों की सौगात, 93 लाख रुपए के निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति



**नवापारा-राजिम।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास एवं निर्माण कार्यो के लिए विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए 93 लाख रूपए स्वीकृत किया है। जिसमें ग्राम पंधी में यादव पारा भवन के पास आहाता निर्माण के लिए 5 लाख रूपए। ग्राम गौरभाट में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए। नवापारा में सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण के पास प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख। ग्राम पंचायत उमरपोटी के साहूपारा में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख। ग्राम पंचायत मंदलोर के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख । ग्राम तुता के गांधी चौक में कामगार शेड निर्माण के लिए 5 लाख। ग्राम थनौद के सेन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख। ग्राम मानिकचौरी में पवन साहू के घर से मनहरण चंदेल गली तक सीसी रोड निर्माण के लिए 6 लाख। नवापारा के गोपाल गौशाला के पास आहाता निर्माण व क्रांकीटीकरण के लिए 5 लाख। नवापारा के मौली माता के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख। ग्राम धुसेरा में राजा दीवान के घर से छत्तीसगढ़ महतारी चौक तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख। ग्राम पंचायत तर्री वार्ड क. 15, शांति नगर सामुदायिक भवन, के लिए 7 लाख रूपए। ग्राम कुरूं में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। इस तरह 93 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक इंद्रकुमार साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र में विकास और निर्माण कार्य अनवरत चलता रहेगा।

## दादा हीरासिंह का योगदान अविस्मरणीय आदिवासी उत्थान के लिए जरूरी : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- मैनपुर में दादा हीरासिंह मरकाम को श्रद्धासुमन अर्पित



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में मंगलवार को आदिवासी समाज ने एक कार्यक्रम आयोजित कर गोड़वाना रत्न दादा हीरासिंह मरकाम की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय अध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने दादा हीरासिंह मरकाम के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दादा मरकाम ने केवल राजनीति ही नहीं की, अपितु मानव कल्याण और विशेषकर आदिवासी समाज के लिए 'गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन' चलाकर पूरी दुनिया में एक नई क्रांति ला दी। श्री नेताम ने कहा कि उन्होंने समाज को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, शैक्षणिक एवं स्वास्तिक रूप से जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने आदिवासी समाज के विकास और उत्थान के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किए हैं, वे सदैव याद किए जाएंगे।

**वन अधिकार कानून में रहा बड़ा संघर्ष-** आदिवासी नेता एवं जनपद सदस्य प्रतापसिंह मरकाम ने दादा हीरासिंह मरकाम के संघर्षपूर्ण नेतृत्व को याद किया। उन्होंने बताया कि दादा मरकाम के नेतृत्व में ही 27 नवंबर 2006 को देशभर के लगभग चार लाख आदिवासियों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी दी। प्रतापसिंह मरकाम ने बताया, इसी आंदोलन के चलते वन अधिकार मान्यता विधायक 2006 कानूनी रूप से लागू हुआ। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए मैनपुर से भी महेंद्र नेताम एवं लोकेश्वरी नेताम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग दिल्ली जाकर शामिल हुए थे।

**ये रहे मौजूद-** पुण्यतिथि कार्यक्रम में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय अध्यक्ष महेन्द्र नेताम, आदिवासी नेता एवं जनपद सदस्य प्रतापसिंह मरकाम के साथ-साथ नैन नेताम, गगन नेगी, विशु ध्रुव, नरोत्तम नागेश, दयासागर नेगी, मदन सिंग नेताम, महेंद्र नागेश, शिव नागेश, गेंदालाल मरकाम, झरना मरकाम, कमलेश नागेश, खिलेंद्री फरस, लोकेश नेताम, उमेंद्र नेताम, अर्जुन नेताम, नौरतन नागेश, लोगेश नेगी, योगेश मरकाम, कमलकिशोर सन्डे, शेख फैजान एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## सहस्त्रबाहू की पूजा कर, सुख शांति व समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भगवान सहस्त्रबाहू की जयंती के अवसर पर मंगलवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में कलार सिन्हा समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहू की पूजा अर्चना कर सुख -शांति समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष दसरूराम सिन्हा, जगतराम सिन्हा, दुलार सिन्हा, भगवान सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, निर्भयराम सिन्हा, भागवत सिन्हा, जगत सिन्हा, महेश सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, कल्याण सिन्हा, बिहारीलाल सिन्हा, जुगमान सिन्हा, कांती सिन्हा, दिलीप सिन्हा, डमरू सिन्हा, भानु सिन्हा, महिला जिला अध्यक्ष कुलेश्वरी सिन्हा, अमीशा सिन्हा, लता सिन्हा, पारस सिन्हा, पुनित सिन्हा, विमल सिन्हा एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## पंचकल्याणक महोत्सव की धूम, जयपुर से 15 अष्टधातु जिनप्रतिमाओं का भव्य आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के ससंघ सान्निध्य में 19 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रारंभिक तैयारियां अब तेजी पकड़ रही हैं। इसी क्रम में, 27 अक्टूबर को जैन समाज के लिए एक बड़ा और उत्साहपूर्ण क्षण आया, जब 15 अष्टधातु जिनप्रतिमाएँ जयपुर से बनकर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुँचीं। इन प्रतिमाओं के स्वागत में पूरा जैन समाज उमड़ पड़ा। गाजे-बाजे और जय-जयकार के बीच, समाज के हर वर्ग के लोगों ने इन प्रतिमाओं का भावपूर्ण स्वागत किया। दीपावली के पूर्व ही, पंचकल्याणक महोत्सव के लिए विधिनायक जिनबिम्बों को जयपुर से पधारे कुशल कारीगरों द्वारा रजत धातु से तैयार किया गया था। अब 15 अष्टधातु की प्रतिमाओं के आगमन ने महोत्सव के उत्साह को और बढ़ा दिया है। मंदिर कमेटी ने बताया कि ये प्रतिमाएँ फिलहाल पूज्यनीय नहीं हैं। आगामी पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठा होते ही ये पूज्यनीय हो जाएंगी। प्रतिमाओं के भव्य स्वागत के अवसर पर पंचायत कमेटी के संरक्षक रमेश पहाड़िया, अध्यक्ष अखिलेश जैन, अनिल जैन, आशीष चौधरी, आकाश गंगवाल, आशीष जैन, रवि जैन, अंकित जैन, सुधीर जैन, सुरीत जैन, और किशोर सिंघई सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति और सदस्य मौजूद थे। सभी ने मिलकर आगामी महोत्सव की सफलता के लिए कामना की।

**जल संगम से जन संगम यात्रा का छत्तीसगढ़ के त्रिवेणी संगम राजिम में भव्य स्वागत**

# महानदी राजिम का जल पहुंचेगा दिल्ली के लालकिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, रायपुर के तत्वावधान में डॉ. एलएस गजपाल के निर्देशन पर आयोजित 'जल संगम से जन संगम' कार्यक्रम के तहत आज राजिम के त्रिवेणी संगम पर दिल्ली से आई टीम का भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न संगम स्थलों से जल संग्रहण के लिए आयोजित किया जा रहा है।शिक्षा निदेशालय नई दिल्ली से सुरेश कुमार (प्रवक्ता अंग्रेजी) एवं मनोज कुमार (प्राध्यापक संस्कृत) नारायणा रोहिणी विद्यालय, दिल्ली की टीम यमुना नदी का जल कलश लेकर छत्तीसगढ़ के प्रयागराज त्रिवेणी संगम राजिम पहुंची। टीम के आगमन पर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने स्वागत किया। उनके साथ डॉ. आरके रजक (जिला संगठक ग्रामीण, रायपुर), डॉ. समीक्षा चंद्राकर (जिला संगठक गरियाबंद), प्रो. एसआर बड्डे, डॉ. श्यामा शांडिल्य (कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो.) तथा शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम, शासकीय कुलेश्वरनाथ महाविद्यालय और फूलचंद महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में मौजूद थे। स्वयंसेवकों ने गाजे-बाजे के साथ सुवा नृत्य, राउत नाचा एवं पंथी नृत्यों के माध्यम से दिल्ली की टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**जल विसर्जन और संग्रहण का उद्देश्य-** दिल्ली की टीम द्वारा लाए गए यमुना का जल महानदी में विसर्जित किया गया, जिसके पश्चात उन्होंने त्रिवेणी संगम का जल कलश में संग्रहित किया। संग्रहित जल को 31 अक्टूबर को दिल्ली के लाल किले में आयोजित समारोह में देश के अन्य सभी संगम स्थलों से लाए गए जल के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर अर्पित किया जाएगा। श्री मनोज जी ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रयागराज त्रिवेणी संगम राजिम से जल संग्रहण करना उनके लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों से महानदी के जल को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषणमुक्त बनाने की अपील की।



**राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता का संदेश-** पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण में दिए गए अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि उनका दायित्व है कि वे शहर की स्वच्छता और सुंदरता के लिए स्वयं जागरूक रहें और हर संभव प्रयास करें। इस गरिमामयी कार्यक्रम में तीनों कॉलेज के वरिष्ठ व कनिष्ठ 142 स्वयंसेवकों (जिनमें निखिल, कमल, हर्षिता, गुनीता, अजय, कौशल, पूजा देवांगन, निथलेश, तेजू, हर्ष योगिता, मोनिका, माधुरी, नवदीप, आदित्य आदि शामिल थे) की उपस्थिति रही।

